देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 24.03.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- सर्वोच्च न्यायालय का फैसला– केवल हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के व्यक्ति ही अनुसूचित जाति का दर्जा पाने के हकदार।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – सरकार बेटियों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।
- कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने ''मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना'' के तहत लाभार्थियों को तीन करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि जारी की।
- बागेश्वर में 'हमारी धरोहर' विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी शुरु। पाठ्यक्रम में शामिल होंगी लोक भाषाएं।

सर्वोच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि केवल हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अनुयायी ही अनुसूचित जाति का दर्जा पाने के पात्र हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि किसी अन्य धर्म जैसे कि ईसाई धर्म में धर्मांतरण करने से अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत और पूरी तरह से समाप्त हो जाता है।

मुख्यमंत्री/कन्या पूजन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार बेटियों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नंदा गौरा योजना, गौरा देवी कन्याधन योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना और पोषाहार योजना सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बेटियों के जन्म से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार तक हर स्तर पर उनके सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री आज देहरादून स्थित सनातन धर्म मंदिर परिसर में आयोजित सामूहिक कन्या पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 1100 कन्याओं के पूजन को अत्यंत सौभाग्यपूर्ण बताते हुए आयोजन समिति की सराहना की। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे हर बेटी की रक्षा, शिक्षा और प्रगति का संकल्प लें, जिससे कन्या पूजन की भावना वास्तविक रूप से सार्थक हो सके।

परिवहन मंत्री

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हरिद्वार में आज परिवहन विभाग की ओर से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया। चारधाम यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि राज्य के प्रवेश द्वार गुरुकुल नारसन में एक आधुनिक सूचना केंद्र स्थापित किया जाएगा, जहां वाहन चालकों

के दस्तावेजों की जांच के साथ ही ग्रीन कार्ड की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही श्रद्धालुओं को यात्रा संबंधी जानकारी भी दी जाएगी, जिससे वे अपनी यात्रा को सुगमता से कर सकेंगे।

वात्सल्य योजना धनराशि

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने आज मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के तहत लाभार्थियों को 3 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से जारी की। उन्होंने बताया कि फरवरी में 5 हजार 57 लाभार्थियों को 1 करोड़ 51 लाख रुपए से अधिक धनराशि जारी की गई है। जबकि मार्च महीने के लिए 5 हजार 25 लाभार्थियों को 1 करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक की धनराशि जारी की गई है।

संगोष्ठी

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बागेश्वर में आज ''हमारी धरोहर'' विषय पर दो दिवसीय विचार मंथन संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न जिलों से आए शिक्षाविदों, भाषा विशेषज्ञों और साहित्यकारों ने अपने विचार साझा किए। मुख्य वक्ता और लोक भाषा विशेषज्ञ प्रो. डी.डी. पोखरिया ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत लोक भाषाओं को पाठ्यक्रम में शामिल करना समय की आवश्यकता है।

भाषा उत्कृष्टता केंद्र के प्रभारी डॉ. कुन्दन सिंह रावत ने बताया कि लोक भाषाओं को पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए इस तरह की गोष्ठी जरूरी और प्रेरणादायक भी है।

टीबी मुक्त दिवस

आज विश्व तपेदिक दिवस है। इस अवसर पर टिहरी जिले के विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में तपेदिक यानी टीबी मुक्त गांवों के प्रधानों को सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने बताया कि जिले में 337 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि जिले की 398 ग्राम पंचायतों में 100 दिन तक रोस्टर के तहत टीबी मुक्त अभियान चलाया जाएगा।

विश्व क्षय रोग दिवस पर हरिद्वार और चम्पावत सहित राज्य के विभिन्न जिलों में भी जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।